# दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर करें कार्यवाही

## कमिश्नर ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश, उपार्जन केन्द्रों से गेहूं का तेजी से उठाव कर भंडारण सुनिश्चित कराएं

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सागर संभाग के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिए हैं.**



कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय को प्रतिबंधित करने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर अमानक और दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें.

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से सागर में समय समय पर जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित कराएं. कमिश्नर ने उक्त निर्देश खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नगरीय प्रशासन, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए. बैठक में कमिश्नर ने गेहूं उपार्जन कार्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर संभाग के सभी गेहूं उपार्जन केन्द्रों से गेहूं का तेजी से उठाव कराएं तथा परिवहन कर भण्डारण केन्द्रों तक गेहूं पहुंचाएं.

बैठक में कमिश्नर ने किसानों को गेहूं उपार्जन के भुगतान राशि की भी जिलेवार समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं उपार्जन के बाद राशि का भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जाए. बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं. उन्होंने कहा कि सागर संभाग में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए. इसके लिए सागर संभाग के सभी नगरीय निकाय तेजी से कार्य करें तथा इस अतिमहत्वपूर्ण योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें. बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में बनाए जा रहे शौचालयों के निर्माण की भी समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि शौचालयों के निर्माण के लिए नगरीय क्षेत्रों में समुचित भूमि आवंटित कर शौचालयों का निर्माण तेजी से पूर्ण किया जाए. बैठक में कमिश्नर ने नगरीय प्रशासन द्वारा संचालित अमृत धारा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन अधिकार अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा भी की गई. बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# कलेक्ट्रेट में युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई के दौरान एक युवक ने धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को आग लगाकर आत्मदाह करने का प्रयास किया.**



मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और उसके हाथ से पेट्रोल से भरी बोतल छीन ली. घटना के बाद पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान जैसीनगर थाना क्षेत्र के घोघरी गांव निवासी 37 वर्षीय बहादुर चढ़ार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि वह वर्षों पुराने एक मामले में कार्रवाई नहीं होने से परेशान था और इसी नाराजगी में उसने यह कदम उठाया है.

बहादुर चढ़ार ने आरोप लगाया कि वर्ष 2015 में गांव के एक व्यक्ति मुन्ना ने उसे जबरन अपने घर ले जाकर मारपीट की थी. युवक का कहना है कि उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए पेशाब मिलाकर भोजन भी खिलाया गया था. उसने इस मामले की शिकायत कई बार स्थानीय थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. युवक का आरोप है कि उसे लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिला, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था. इसी से आक्रोशित होकर वह जनसुनवाई में पेट्रोल और पटाखे लेकर पहुंचा. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बहादुर चढ़ार ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमीन पर रामचरितमानस रखकर उसमें आग लगा दी, इसके बाद उसने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की. घटना देखते ही वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और पेट्रोल की बोतल छीन ली. पुलिसकर्मियों ने तुरंत पानी डालकर धार्मिक ग्रंथ में लगी आग बुझाई. घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. लोगों ने युवक की हरकत का विरोध किया और उसे खरी-खोटी भी सुनाई. आग लगने से रामचरितमानस का कवर आंशिक रूप से जल गया.



# विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 04 गंभीरिया लक्ष्मीनगर एवं वार्ड क्रमांक 16 संत रविदास वार्ड में हो रहे विकास कार्यों का नपा अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार के द्वारा निरीक्षणा किया.**

निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर संबंधित निर्माण ठेकेदार को गुणवत्ता और समयसीमा के साथ कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर पार्षद महेंद्र सिंह ठाकुर, उपयंत्री सत्यम देवलिया सहित ठेकेदार अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## बीपीईएस पाठ्यक्रम

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के शारीरिक शिक्षा विभाग में सत्र 2023 से बैचलर ऑफ़ फिजीकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स पाठयक्रम संचालित किया जा रहा है. बुंदेलखंड के ऐसे विद्यार्थी जो खेल में रुचि रखते हैं, जो खेल के क्षेत्र में कैरियर भी बनाना चाहते हैं उनके लिए बीपीईएस का स्नातक पाठयक्रम संचालित है, स्नातक में 40 सीटें निर्धारित की गई वर्तमान में अभी उक्त पाठयक्रम में 85 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं. वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश पंजीकरण प्रारंभ है. प्रवेश फॉर्म भरने अंतिम तिथि 30 जून कर दी गई है.

# मांसाहार विक्रय को बंद करवाया जाए

**नवभारत न्यूज**

**बीना 26 मई. पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चौवीसी जिनालय, बजरिया के जैन समाज के लोग एकत्रित होकर नगर पालिका परिषद पहुंचे.**



सीएमओ राहुल कौरव को ज्ञापन देते हुए बताया कि जैन फूड प्लाजा नाम से अजैन व्यक्ति द्वारा व्यवसाय करने तथा मांसाहार विक्रय कर जैन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचा रहा है और समाज की भावनाओं को ठीक पहुंच रहा है. उन्होंने कहा कि विगत कुछ साल से गांधी चौक में किसी अजैन व्यक्ति द्वारा जैन फूड प्लाजा नाम की सब्जी विक्रय की दुकान खोली गयी है जिसमें वह जैन ना होकर भी जैस फूड प्लाजा नाम से भ्रामक जानकारी देकर भोजनालय चला रहा है. उक्त भोजनालय में मांसाहार पकता और विक्रय किया जाता है जिससे समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है. उक्त व्यक्ति का फूड लायसेंस चैक किया जावे और भ्रामक जानकारी वाले नाम को बन्द कराया जावे. इस दौरान एड. अशोक कुमार जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, अखिलेश जैन अजीत जैन, मुकेश जैन एवं जैन समाज के लोग उपस्थित थे.

# उर्स का आयोजन किया जाएगा



**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 26 मई. मातेश्वरी निवास पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को हिंदु मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक होने जा रहें उर्स कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए भेंट की.**

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी सलीम रंगरेज एवं नगर परिषद के भाजपा उपाध्यक्ष जहीर कुरैशी एवं भाजपा पार्षद नहीम मंसूरी, अख्तर उस्मानी साथियों के साथ आमंत्रित करने के लिए कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे थे.

इस अवसर पर अख्तर उस्मानी रफीक चुड़ी वाले, अजीम बाबा, तारिक उस्मानी, वसीम खान, मोहम्मद शाह, अशफाक, शानू सोहराब रंगरेज, आरिफ मंसूरी, चंदू अंसारी, शफीक मंसूरी, अरशद रंगरेज, नासिर उस्मानी मौजूद थे.

# स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई.जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर द्वारा लाखा बंजारा झील परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया.**



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में एनसीसी की गर्ल्स एवं बॉयज कैडेट्स सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने झील के किनारे पहुंचकर सफाई करते हुए स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया. महाविद्यालय की एनसीसी 11 एमपी एवं 7 एमपी गर्ल्स यूनिट ने संजय ड्राइव स्थित तालाब में प्रतीकात्मक सफाई की.

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट प्रियांशी पांडे, कैडेट रितिक यादव, अंडर ऑफिसर नन्ही बाई लोधी द्वारा वहां लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया. लेफ्टिनेंट डा जय नारायण यादव एवं लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से ऐसे अभियानों में निरंतर भागीदारी की अपील की.

# छत के रास्ते घर में घुसे चोर

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. सुरखी थाना क्षेत्र के ग्राम चतुर्भुटा में अज्ञात चोर छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात तथा नकदी चोरी कर फरार हो गएस्र**

जानकारी के अनुसार, ग्राम चतुर्भुटा निवासी मुन्नालाल जैन के घर सुहागलों का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद परिवार के सभी सदस्य छत पर ही सो गए थे. इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर के भीतर पहुंचे और कमरे में रखी अलमारी को निशाना बनाया. बदमाशों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात और नकदी पार कर दी. परिवार को पूरे दिन घर में हुई चोरी की जानकारी नहीं लग सकी. जब मुन्नालाल जैन की पत्नी अलमारी से सामान निकालने पहुंचीं, तब लॉकर टूटा हुआ मिला. अलमारी में रखे जेवरात और नकदी गायब देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. फरियादी ने बताया कि चोर घर से सोने की करधोनी, चार चूड़ियां, पांच तोला की टकार, मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, चार जोड़ी झुमकी, करीब 15 तोला चांदी की पायल और 40-50 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए.

# बम्होरी तिराहा ब्रिज निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. विधायक प्रदीप लारिया बम्होरी तिराहा पहुंचे. उन्होंने निर्माणाधीन ब्रिज का एसडीएम अमन मिश्रा, एनएचएआई परियोजना निदेशक सुरेश कुमार, राजस्व विभाग एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान विधायक श्री लारिया ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए. उन्होंने कहा कि अंडरब्रिज प्रारंभ न हो पाने के कारण सागर-रहली मार्ग पर आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है, जिससे लगभग 25 से 50 ग्रामों के हजारों नागरिकों को आठ से दस किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है. विधायक श्री लारिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर समस्या के समाधान हेतु ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा डे-टू-डे वर्क प्लान प्रस्तुत किया जाए, जिससे निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके और जनता को शीघ्र राहत मिल सके. विधायक श्री लारिया ने उन परिवारों की समस्याओं पर भी गंभीरता से चर्चा की, जिनके मकान मार्ग निर्माण में आ रहे हैं.

# सांसद के सुझावों की सराहना



**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. सांसदों के दैनिक वेतनमान संबंधी संयुक्त समिति के चुनाव नई दिल्ली में संपन्न हुए,वरिष्ठ सांसद बीरेन्द्र प्रसाद वैश्य को सर्वसम्मति से पुनः समिति का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया.**

समिति की सदस्य एवं महिला सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने श्री वैश्य के पुनर्निर्वाचन का समर्थन किया. चुनाव उपरांत समिति की महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सांसदों के वेतनमान एवं संसदीय कार्यप्रणाली को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर चर्चा हुई. बैठक के दौरान सांसद डॉ. वानखेड़े ने वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, भारत की तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था तथा बदलती संसदीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई प्रभावशाली एवं दूरदर्शी सुझाव समिति के समक्ष रखे.बैठक में उपस्थित समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने डॉ. लता वानखेड़े द्वारा प्रस्तुत सुझावों की खुलकर सराहना की. कई सदस्यों ने प्रस्तावों को आवश्यक बताया.

## नीलोफर बनीं महासचिव

**सागर.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ की नवनियुक्त प्रबंध समिति की घोषणा के बाद केशवगंज वार्ड से कांग्रेस की महिला पार्षद नीलोफर चमन अंसारी को नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का महासचिव नियुक्त किया गया है. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश तथा संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशंक जैन द्वारा नियुक्ति की गई. संगठन के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है. पार्षद नीलोफर ने कहा नगरीय निकायों में जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे.



# चौकी मनकापुर के बीच बनेगा देहरा बांध

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. सुरखी विस क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं है किसानों के लिए सिंचाई के साधनों की उपलब्धता इतनी अधिक हो चुकी है कि अब हमारा किसान पंजाब जैसी खेती करेगा, चौकी मनकापुर के बीच देहरा बांध बनने जा रहा है जिसकी लागत 400 करोड से अधिक है. 34 ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा. 9 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी. 25 हजार से अधिक किसान लाभान्वित होंगे.**

यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के खजुरिया में आयोजित करोडों के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर कही.




श्री राजपूत ने कहा कि एक समय था जब सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के साधन न के बराबर थे लेकिन सुरखी विधानसभा क्षेत्र में जेरा परियोजना, परकुल परियोजना, मढ़िया बांध, मिडवासा परियोजना, अमोदा कंदेला परियोजना, पडरिया बांध, कालीपठार जलाषय जैसी परियोजनाओं से सुरखी विधानसभा क्षेत्र का हर क्षेत्र सिंचाई के मामले में अग्रणी हो गया है जहां के हजारों किसान लाभान्वित हो रहे है. कार्यक्रम के दौरान खजुरिया, नौरजा, मुगरयाऊ सहित विभिन्न ग्रामों में पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नल-जल योजना, चबूतरा निर्माण, तालाब जीर्णोद्धार एवं सड़क निर्माण जैसे अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा.

# बच्चों द्वारा लिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 26 मई. जमील सर स्पोर्ट्स अकेडमी में बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए समर कैंप का आयोजन हो रहा है.**

कैंप में अब तक लगभग 50 बच्चों द्वारा प्रशिक्षण लिया जा रहा है. इस समर कैंप में बैडमिंटन के वरिष्ठ अनुभवी खिलाड़ियों के द्वारा बच्चों को खेलने के गुण सिखाए जा रहे हैं उनको बैडमिंटन से रिलेटेड एक्सरसाइज के अभ्यास भी कराया जा रहे है. विगत दिवस कुछ बच्चों के मैच भी कराए गए विजेता उपविजेता एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए मैडल व प्रमाण पत्र सहित पुरस्कार भी दिए गए. सीनियर्स बालिका वर्ग अंडर 17 में अर्शिका खान विजेता और समृद्धि विश्वकर्मा उपविजेता रही. इलमा खान को तीसरा स्थान और राज स्मिता परमार को चौथे स्थान का पुरस्कार मिला. जूनियर वर्ग अंडर 15 में एंजेल नायक को विजेता व संस्कृति तिवारी को उपविजेता का पुरस्कार मिला. सब जूनियर वर्ग अंडर 13 में सौम्या राठौर को विजेता, ख्वाहिश श्रीवास को उपविजेता का पुरस्कार मिला. मिनी सब जूनियर अंडर 11 में अद्विका श्रीवास को विजेता अग्रिमा नायक को उपविजेता और माही राठौर को तीसरे स्थान का पुरस्कार मिला. बालिका अंडर 9 मिनी सब जूनियर में अस्मिता शुक्ला को विजेता और आयत वानो को उपविजेता का पुरस्कार दिया गया. जूनियर वालक अंडर 17 वर्ग में अभिनव वर्मा विजेता, श्रेयश जैन उपविजेता और शान उल्ला खान को पुरस्कार मिला. सब जूनियर में समिक वरया को विजेता व अरनव श्रीवास्तव को उपविजेता व आदी योगी शर्मा को तीसरे स्थान का पुरस्कार मिला.

# इंटेकवेल एवं जल संचय स्थल का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**खुरई 26 मई. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के विशेष निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका परिषद द्वारा भीषण गर्मी के दौरान नगरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है.**



सीएमओ राजेश मेहतेले द्वारा बीना नदी स्थित इंटेकवेल एवं जल संचय स्थल का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अविनाश रावत, उपयंत्री शैलेंद्र सिंह एवं जल प्रदाय प्रभारी रामगोपाल अहिरवार भी उपस्थित रहे. अधिकारियों द्वारा जलस्तर, मोटर-पंप संचालन, पाइपलाइन व्यवस्था एवं जल संग्रहण की स्थिति का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि नगर के प्रत्येक वार्ड में नियमित एवं सुचारु रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए. सीएमओ श्री मेहतेले ने कहा कि नगरवासियों को गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर पालिका परिषद पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. जल प्रदाय व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है.

**अलर्ट** — लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

# नौतपा ने बढ़ाई सागर की तपिश, 43 .6 डिग्री पर पहुंचा पारा

**नवभारत न्यूज**

**सागर 26 मई. जिले में नौतपा के दूसरे दिन गर्मी ने अपने तेवर और तीखे कर दिए. सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया.**

दोपहर तक हालात इतने खराब हो गए कि शहर की प्रमुख सड़कें और बाजार लगभग खाली नजर आए. मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 29.7 डिग्री रहा. मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे के बाद ही धूप ने तीखापन पकड़ लिया था. दिन चढ़ने के साथ गर्म हवाओं का असर बढ़ता गया. दोपहर में बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को कपड़ों से ढंककर निकलते दिखाई दिए. शहर के कई इलाकों में दोपहर के समय सामान्य दिनों की तुलना में आवाजाही काफी कम रही. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दो दिनों तक जिले में भीषण गर्मी और लू का असर बना रह सकता है. हालांकि 28 मई के बाद मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं. प्री-मानसून गतिविधियों के चलते बादल छाने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। इससे तापमान में गिरावट आ सकती है. लगातार बढ़ रही गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है. जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में उल्टी, चक्कर, डिहाइड्रेशन और कमजोरी की शिकायत लेकर मरीज पहुंच रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तेज गर्मी में लापरवाही गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है. लू लगने पर सिरदर्द, तेज बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना, कमजोरी, बेहोशी और शरीर में ऐंठन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं. विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है. साथ ही छाछ, नींबू पानी, लस्सी और ओआरएस जैसे तरल पदार्थ लेने को कहा गया है. धूप में निकलते समय सिर को ढंकने, हल्के सूती कपड़े पहनने और खाली पेट बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है. मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नमी के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम बदलने की संभावना बन रही है.